## खबर संक्षेप

### नेहा जैन ने तहसीलदार बहोरीबंद का संभाला प्रभार

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्रशासनिक कार्य सुविधा के मद्देनजर बुधवार को तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। इसके तहत अब तहसीलदार नजूल नेहा जैन को तहसीलदार बहोरीबंद का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट में पदस्थ तहसीलदार गौरव पांडेय को तहसीलदार नजूल का दायित्व सौंपा गया है। इसी आदेश में उल्लेखित है कि नेहा जैन द्वारा तहसीलदार बहोरीबंद का प्रभार ग्रहण करने के बाद नायब तहसीलदार बाकल आदित्य प्रकाश द्विवेदी प्रभारी तहसीलदार बहोरीबंद के पद से मुक्त हो जायेंगे।

### खदान में लगी आग

**कटनी।** उप नगरीय क्षेत्र लखेरा स्थित खदान में आग लगने से आसपास की बस्तियों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,आपको बता दें कि फायर ब्रिगेड वाहन इंचार्ज वसीम खान ने बताया कि गुरुवार दोपहर लखेरा स्थित दाना बाबा मंदिर से सामने खदान में सूखी घास में अचानक आग लगने से दहशत का माहौल बन गया।

### शहरी क्षेत्र में कई बार हो चुके हैं अग्नि हादसे बावजूद इसके सख्ती से नहीं हो रहा नियम पालन

# सघन रिहायशी क्षेत्रों एवं तंग गलियों में चल रहा लाखों का कारोबार, अग्नि घटनाओं से निबटने नाकाफी है इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गर्मियों के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है बावजूद इसके नियमों को ताक पर रखकर तंग गलियों में दुकानों, गोदामों, प्रतिष्ठानों, होटल सहित अन्य कारोबार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र की बात करें तो गोलबाजार, झंडाबाजार, बिलैया तलैया क्षेत्र सहित ऐसे दर्जनों स्थानों में रोजाना लाखों का कारोबार होता है लेकिन यहां अग्नि हादसों से बचाव के लिए पुख्ता इंतजामों की कमी है। अग्नि घटनाओं में यदि समय रहते बुझाने के माकूल इंतजाम और प्रयास नहीं किये जाये तो नुकसान अधिक होता है। कई बार तो जिंदगी दांव पर लग जाती है।



शहरी क्षेत्र में कई बार अग्नि हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी सबक नहीं ले रहे हैं। नगर के बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों व घनी आबादी वाले क्षेत्रो में अग्निशमन के समुचित संसाधन उपलब्ध न होने की वजह से छोटे-छोटे हादसे बड़े रूप ले लेते हैं। इसके अलावा एक प्रमुख वजह यह भी है कि नगर के कई ऐसे व्यवसायिक क्षेत्र हैं जहां पैदल चलना भी दूभर होता है। ऐसे में इन गलियों में कहीं कोई अग्नि हादसा हुआ तो फिर उस पर काबू पाने अग्निशमन वाहनों का पहुंचना टेढ़ी खीर साबित होगा। इन संकीर्ण बस्तियों व रास्तों को व्यवस्थित करने कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आगामी समय में बड़े हादसे से नकारा नहीं जा सकता है।

शहर में नियमों को ताक पर रखकर विभिन्न व्यवसाय और प्रतिष्ठान संचालित किए जा रहे हैं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बाजार, कॉलोनियों, सरकारी और निजी इमारतों में आगजनी की घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। नियमों का पालन कराने और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे प्रतिष्ठानों में मनमानी जारी है। नियमों की अनदेखी और प्रशासन की लापरवाही से आगजनी जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। नगर निगम और जिला प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

शहर के होटल, स्कूल, कॉलेज, लॉज, मैरिज गार्डन, बैंक, धर्मशाला आदि में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है।

जानकारों का कहना है कि आगजनी रोकने के लिए अग्निशमन यंत्र, पानी की व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की अनिवार्यता है। शहर में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों के बीच इन बुनियादी उपायों की कमी चिंताजनक है। जिले में इनका पालन सख्ती से नहीं हो रहा। अधिकारियों की ओर से नियमित निरीक्षण और जुर्माने जैसी कार्रवाई का अभाव है, जिससे नियमों की अनदेखी को बढ़ावा मिल रहा है।

#### नवीन भवन के लिए प्रावधान

नवीन भवनों में राष्ट्रीय भवन संहिता में निर्धारित मापदंड अनुसार भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के प्रस्ताव अनुसार ही प्रस्तावित फायर सेफ्टी प्लान का अनुमोदन अग्नि शमन प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। अनुमोदन उपरांत फायर सेफ्टी प्लान के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपरांत ऊर्जा विभाग के नियमों के तहत जारी विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात भवन के लिए फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा जिसकी अवधि 3 वर्ष रहेगी।

#### समयसीमा व जुर्माना

दो माह की समयावधि के अंदर यदि भवन स्वामी, संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो विलंबित समय के लिए प्रतिदिन 500 रुपए की दर से अर्थदण्ड स्वामी पर अधिरोपित किया जाएगा, जो कि एक वर्ष के बाद रुपए एक हजार प्रतिदिन की दर से देय होगा।

फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के आवासीय तथा शैक्षणिक भवन के लिए 2000 रुपए, प्रथम 500 वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्र के लिए 500 वर्गमीटर के अधिक निर्मित क्षेत्रफल के लिए 2 रुपए प्रतिवर्गमीटर की दर से देय होगा। अन्य भवनों के लिए 500 रुपए, प्रथम 500 वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्र के लिए व 500 वर्गमीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल के लिए 5 रुपए प्रतिवर्गमीटर की दर से देय होगा।

## बरही क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदात से लोगों में दहशत

**बरही।** क्षेत्र में सक्रिय चोर आए दिन ताले चटका रहे हैं जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर के डोली रोड स्थित गुरुधाम कालोनी में बुधवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने सुग्रीव सिंह के सूने मकान में धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक भोपाल गये हुए थे। चोरों ने घर के दरवाजे की कुंदी काटकर सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए, जिसमे एक कान का झुमका और पायल पार कर दिया है। बुधवार की शाम लगभग 5 बजे पड़ोसियों की नजर पड़ी तो सुग्रीव सिंह के घर का ताला टूटा पड़ा था और सामान बिखरा थाए जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदात से लोगों में दहशत का माहौल बना है चोर खुलेआम वारदात को अंजाम दे रहे हैं वहीं पुलिस चोरों को पकडने में नाकाम है जिससे चोरों के हौसले बुलंद है। सूने मकान में चोरी होने की सूचना बुधवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे पुलिस को दे दी गई थी। मौका मुआयना करने पुलिस काफी देर से पहुंची, जहां सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। सिलसिलेवार हो रही चोरियों से रहवासियों में दहशत है।

### भाजपा द्वारा तीन दिनी संपर्क अभियान का किया शुभारंभ

# जनप्रतिनिधि जाएंगे गांव व बस्ती, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस समारोह के तहत झुग्गी-झोपड़ियों और गांवों में तीन दिवसीय जन संपर्क अभियान चलाएगी। 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान का उद्देश्य लोगों के बीच पार्टी के कार्यक्रमों का प्रचार करना है। यह अभियान 12 अप्रैल तक चलेगा। इसमें जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता गांवों, मोहल्लों और सेवा बस्तियों में जाएंगे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी जिले के ग्राम घंघरीकला मे 'गांव/ बस्ती चलो' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत उन्होंने घंघरीकला ग्राम में गाँव/ बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत चौपाल आयोजित कर भाजपा का इतिहास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महापौर प्रीति संजीव सूरी, सहित भाजपा के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न गरीब हितैषी योजनाओं के परिणामस्वरूप न सिर्फ गरीबों के सपने साकार हो रहे हैं।

गाँव/बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम घंघरीकला में प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ समिति के कार्यकर्ताओं को संबोधित करतें हुए कहा कि संगठन कार्यों को धरातल पर पहुँचाने वाले बूथ – बूथ पर मौजूद हमारे सभी कार्यकर्ता ही भाजपा के असली ब्रांड एंबेसडर हैं।

# महावीर जयंती पर 108 यूनिट किया गया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान महावीर के सिद्धांत जियो और जीने दो के संदेश को आगे बढ़ते हुए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन दिगंबर जैन धर्मशाला कटनी में किया गया जिसमे लगभग 100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था , जिसको



रक्त दान कर पूरा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष संजय जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन मुख्य अतिथि थे। अरुण सोनी, आशीष गुप्ता, रौनक खंडेलवाल,अखिलेश पुरवार, टीनू सचदेवा,अमित तीर्थानी, रजत जैन सहित जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम में आशीष जैन, अमित जैन का सहयोग रहा।

# 60 लीटर डीजल सहित 200 पाव देशी शराब जब्त, आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध शराब सहित डीजल जब्त किया है। चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुध्द कार्यवाही करने करने आदेशित किया है। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यवाही कर अबैध शराब 200 पाव प्लेन देशी शराब एवं 60 लीटर डीजल जप्त किया गया।



चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि गत दिस स्टाफ के साथ भ्रमण के दौरान गोपाल सोनकर पिता हीरा सोनकर उम्र 35 साल निवास खटीक मोहल्ला कैलवारा फाटक के ठिकाने में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास अवैध रुप से 200 पाव देशी प्लेन शराब कुल कीमती 20 हजार रुपये एवं 60 लीटर डीजल कीमती 6000 रुपए का रखे पाये जाने पर जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कार्यवाही में विशेष भूमिका थाना प्रभारी कोतवाली निरी आशीष शर्मा, उप. निरी. योगेश मिश्रा, सउनि दीपेन्द्र शर्मा, बाल गोविन्द प्रजापति, प्र०आर० नीरज पाण्डेय, आर0 अनमोल सिंह अहम भूमिका रही।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 17 को

**कटनी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है । उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला पंचायत की पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव पर कार्यवाही पालन प्रतिवेदन संबंधित विभागों के एजेण्डा के साथ चर्चा व समीक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आर ई इस, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, 15वा वित्त योजनांतर्गत कार्यों का अनुमोदन सहित चर्चा व समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष और सामान्य सभा के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### चौपाल, संगोष्ठी के माध्यम से वर्षा जल संवर्धन हेतु किया प्रेरित

# अमहा नाला में श्रमदान की किया गया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है, साथ ही प्राचीन कुएं ,बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।



इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम किर पिपरिया के अमहा नाला में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्होरी जन चेतना समाज सेवी समिति बड़खेरा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, सीएमसीएलडीपी छात्र, मेंटर राम सिंह पटेल, अवधेश बैरागी, आशीष कुमार तिवारी, शउमा अवस्थी, पंचायत सचिव नवांकुर संस्था प्रभारी धनीराम लोधी के सहयोग से श्रमदान कर कचरा निकाला जाकर बोरी बंधान का कार्य किया गया। आसपास उगी हुई झाड़ियों की साफई की गई।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक 03 बछैया के अंतर्गत नवांकुर संस्था आदर्श बम्होरी , बड़खेरा, पटरिया , भटगांव के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए बोरी बंधान एवम् संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल ने उपस्थित उपस्थित जनों से चर्चा करते हुए सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है, जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके।

विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें जन जागरूकता के लिए दीवार लेखन , चौपाल ,संगोष्ठी, रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ सफाई विशेष रूप से शामिल हैं।



## खबर संक्षेप




### लोगों को जल संरक्षण के लिए दिया जा रहा संदेश

**कटनी**। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में जल-गंगा-संवर्धन-अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व उनके जीर्णोद्धार के साथ नवीन जल संरचनाओं का निर्माण के साथ -साथ जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ साथ पंचायतों में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में दीवार लेखन के माध्यम से नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद कटनी के तत्वावधान में विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिंघनपुरा, देवरा खुर्द, पडरिया बकेली द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के लिए दीवार श्लोगन लेखन के माध्यम से लोगों को जल के महत्व व उसके समुचित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही जल के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। नवांकुर संस्था रमपुरा के अध्यक्ष श्री भगवान सिंह लोधी ने बताया कि जिले की 30 नवांकुर संस्थाओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। यह कार्य निरंतर 30 जून तक चलाया जायेगा।

### दिव्यांगजन, निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना का उठाएं लाभ

**कटनी**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक विकलांगता और बहु विकलांगता से ग्रसित व्यक्तियों को आर्थिक और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए लागू की गई है। इस योजना के तहत सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बीपीएल परिवारों के लिए 250 रुपए और एपीएल परिवारों के लिए 500 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर एक लाख रुपए तक का बीमा लाभ दिया जाता है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने का खर्च, सुधारात्मक सर्जरी, ओपीडी खर्च, दवाएँ, जाँच और निदान, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी और वैकल्पिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अलावा दिव्यांगजनों की परिवहन लागत के लिए भी सहायता दी जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए दस्तावेजों में यूडीआईडी कार्ड, विकलांगता प्रमाण पत्र, लाभार्थी का आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, लाभार्थी की फोटो, बीपीएल कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, लाभार्थी के बैंक खाते का विवरण और समग्र आईडी शामिल है। केंद्र में दिव्यांग हितग्राहियों की निःशुल्क दैनिक देखभाल, फिजियोथेरेपी, विशेष शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण और नियमित चिकित्सा परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। दिव्यांगजनों से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति संबंधित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए 30 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

**कटनी**। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एमपी टॉस मॉड्यूल अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लंबित एवं 2024-25 के छात्रवृत्ति आवेदन के संबंध में सूचित किया गया है। जिला संयोजक ने समय सीमा में जिले के समस्त शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्यों को आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचित करते हुए बताया कि पोर्टल पर प्रवेश व फीस डाटा कार्यवाही शेष होने के कारण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक के नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर आगामी 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इस दौरान संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं से पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन तथा डाटा अपलोड कराने का आग्रह किया गया है।

---

जिले के अलग अलग थानों में दर्ज किये जा चुके हैं मामले, नहीं मान रहे लोग

# प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाने पर अब तक 8 के विरूद्ध एफआइआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



फसल अवशेष नरवाई जलाने की जिले में छठवीं एफआईआर पुलिस थाना बरही में दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में बरती जा रही सख्ती की वज़ह से प अब तक जिले में 8 लोगों के विरूद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। बरही के ग्राम सिजहरा के कोटवार भगवत प्रसाद दहायत द्वारा पंचनामा एवं पटवारी हल्का न.62 सिजहरा का प्रतिवेदन थाना बरही में प्रस्तुत कर खसरा न. 1008 में शेख कासिम पिता शेख मुराद उम्र 60 वर्ष निवासी सिजहरा के द्वारा नरवाई जलाने की जानकारी दी गई। साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया गया।इस पर बरही पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

हल्का पटवारी सिजहरा द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम सिजहरा स्थित भूमि खसरा न. 1008 रकवा 0.14 हेक्येर भूमि में फसल काटने के बाद शेख कासिम पिता शेख मुराद उम्र 60 वर्ष ने नरवाई में आग लगाई गई ।जिससे आस-पास के खेतों में खड़ी फसलों में नुकसान होने की संभावना थी। एस डी एम विजयराघवगढ महेश मंडलोई और नायब तहसीलदार पी के वर्मा ने सूझबूझ दिखाते हुए नरवाई की आग बुझाने तत्काल मौके पर समय रहते फायर ब्रिग्रेड भेजा । जिससे बड़ी अनहोनी को रोका जा सका और त्वरित तौर पर आग पर नियंत्रण किया गया । अन्यथा नरवाई में आग लगाने की वजह से इस आग की चिंगारियां अन्य खेतों तक भी पहुंच सकती थी।

इससे पहले बुधवार को फसल अवशेष नरवाई जलाने की जिले में पांचवी एफआईआर बुधवार को पुलिस थाना स्लीमनाबाद में दर्ज कराई गई। इस प्रकार अब तक जिले में 7 लोगों के विरूद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। स्लीमनाबाद तहसील के पटवारी हलका नंबर 32 के ग्राम पडरभटा में पटवारी के पद पर पदस्थ उमेश प्रसाद बागरी ने खसरा नंबर 268/1 रकबा 0.05 हेक्टेयर भूमि में भूमि स्वामी राम सिंह पिता हरि सिंह पटेल निवासी पडरभटा के द्वारा खेत की नरवाई जलाना पाया गया। पटवारी ने पुलिस थाना स्लीमनाबाद में पंचनामा प्रतिवेदन देते हुए फसल कटाई उपरांत बचे फसल अवशेष को जलाने और कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी नरवाई संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन करने पर प्राथमिकी दर्ज कराई।

### नरवाई नहीं जलाने का आग्रह

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें। नरवाई जलने से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा खेत में नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए किसान भाई नरवाई न जलायें।

---



# निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कायाकल्प योजना के तहत इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक सड़क निर्माण कार्य का महापौर ने किया औचक निरक्षण। महापौर प्रीति संजीव सूरी, एमआईसी सदस्य,पार्षद साथियों के साथ इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक बन रही सड़क का आकस्मिक निरीक्षण किया। ज्ञातव्य हो हाल ही में कायाकल्प के तहत मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग के निर्माण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिली थी,वही इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक बन रही इस सड़क से नागरिकों को आवागमन में सुलभता प्राप्त होगी।

### ढाई किमी सड़क का निर्माण

निरीक्षण के दौरान महापौर सूरी ने स्थानीय जनो से संपर्क करते हुए उन्हें बताया कि यह रोड लगभग ढाई किलोमीटर की बनकर तैयार होगी जो कि इमलिया रोड से सीधे जाकर बाबा नारायण शाह गेट तक मिलेगी। वर्तमान में साईं मंदिर तक रोड बन कर तैयार हो चुकी है।

### महापौर ने जताया आभार

कल्याकल्प योजना के तहत इस वृहद् सड़क निर्माण हेतु महापौर श्रीमती सूरी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, क्षेत्रीय सांसद वी.डी शर्मा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भाजपा संगठन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है,जिनके द्वारा विकास के लक्ष्य को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,गोविंद चावला भी मौजूद रहे।

---

मझगवां का मामला, कलेक्टर से ग्रामीणों ने की शिकायत

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर शराब दुकान करवाई जा रही संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय भूमि में अवैध रूप से कब्जा करके मकान बना कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मझगवां के ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में जाकर लिखित रूप से आवेदन देकर शासकीय भूमि में बने मकान को क्षतिग्रस्त करते हुए अवैध कब्जा हटाने एवं अवैध बने हुए मकान में संचालित शराब की दुकान को किसी अन्यत्र जगह स्थापित किए जाने की लिखित शिकायत की गई है फिर भी प्रशासन कार्रवाई करने जी जगह मौन साधे हुये है। इससे प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों का बेजा कब्जा करने वालों को संरक्षण प्राप्त है शासकीय भूमि में अवैध रूप से बने हुए मकान में शराब की दुकान संचालित करवाई जा रही है। जो कि एक गम्भीर विषय है।

### लिखित की गई शिकायत

बड़वारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां के ग्रामवासियों द्वारा कटनी जिला कलेक्टर कार्यालय जाकर लिखित रूप से शिकायत की गई है। संचित पांडेय पिता मनरमन पाण्डेय एवं अमित पाण्डेय पिता जसकरण पाण्डेय ग्राम मझगवां जिला कटनी निवासी के खिलाफ लिखित रूप से ग्राम वासियों के द्वारा शिकायत की गई है जिसमें शासकीय भूमि में अवैध रूप से कब्जा कर मकान बनाया गया है और उसी मकान में व्यवसायिक कार्य हेतु शराब की दुकान लगातार कई वर्षों से संचालित की जा रही है।*ग्रामवासियों के द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि शासकीय भूमि पर अबैध कब्जा करने वाले उक्त व्यक्तियों के ऊपर कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि में अवैध रूप से बने मकान को जमींदोज करते हुए ऐसी सख्त कार्यवाही की जाए जिससे निकट भविष्य में उपरोक्त अपराध की पुनरावृति न हो सके एवं उपरोक्त स्थान में संचालित शराब की दुकान को किसी अन्य स्थान में ग्राम के बाहर स्थापित करने की कार्यवाही की जाए।

---

## कलेक्टर ने खेत तालाब निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत रूडमुड में वर्षा जल को सहेजने के लिए बन रहे खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने खेत-तालाब योजना की हितग्राही पानबाई पति खुशीराम लोधी से चर्चा की। कलेक्टर को पानबाई ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 4 लाख 20 हजार रूपये की लागत से ढ़ाई एकड़ भू-क्षेत्र के खेत में खेत तालाब का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे मैं अपने शेष बचे खेत के साथ-साथ दूसरों के खेतों की भी फसलों की सिंचाई के लिए इस खेत तालाब के पानी का उपयोग करूँगी। साथ ही मछली पालन कर भी अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकूँगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

---

# भीषण गर्मी में जन समुदाय को लू के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में तापमान बढते ही तेज गर्मी पढने लगी है। गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होन वाले दुष्प्रभाव, बचाव एंव उपचार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप अठ्या द्वारा आमजन को हीट स्ट्रोक (लू) से बचने के लिये एडवाईजरी जारी की गई है।

सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होनातेज बुखार के साथ मुंह का सूखना। चक्कर और उल्टी आना। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना। शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख कम लगना। बेहोश होना। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य ना हो तो घर से बाहर ना जावें। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपडें से अच्छी तरह बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस.घोल पियें। चक्कर आने मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी सर दर्द तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र जावें। बच्चे बुजुर्ग एंव बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषतः दोपहर में 12 से 04 बजे के बीच घर से बाहर ना जाऐं।

### लू का प्रारंभिक उपचार

बुखार पीडित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पिडित व्यक्ति को पंखे के नीचें हवा में लेटायें देवें। शरीर पर ठण्डे पानी का छिडकाव करते रहें। पीडित व्यक्ति हो शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जावें। आशा/ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट हेतु संपर्क करें।

---

नव युवक मंडल के तत्वाधान में हुए विविध आयोजन

# महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



दिग.जैन समाज पंचायत समिति विद्यासागर नवयुवक मंडल के तत्वाधान में जीयों और जीने दो के उद्घोषक भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म के जन्म कल्याणक महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में महावीर चौक से श्री जी की भव्य शोभायात्रा घंटाघर, गर्गचौराहा, हीरागंज, गोलबाजार, मेन रोड़, सुभाष चौक, कपड़ा, बाजार,जवाहर चौक से होते हुये महावीर कीर्ति स्तंभ में समाप्त हुई धर्म यात्रा में बैण्ड, धर्मध्वज लिये अश्वरोही आर्कषक झांकी, रात्रिकालीन पाठशाला के बच्चे जय-जयकार के नारे लगाते युवजन भजन गाते, नृत्य करते,भक्तजन महिला मंडल के सदस्यॉ चल रही थी जगह-जगह रंगोली सजाकर, आरती उतारकर श्रीजी की भव्य आगवानी की गई रथ एवं पालकी पर सवार श्रीजी को लेकर भक्तगण चल रहे दिग.जैन समाज पंचायत समिति विद्यासागर नवयुवक मंडल,दिग.जैन सोशल ग्रुप, जैन मिलन अखिल भारतवर्षीय दिग. जैन महिला परिषद्,दिग.जैन सोशल गुरप, रायल जिनाज्ञा परिवार, अनेकांत परिषद, गुरू भक्त मंडल, हाउसिंग बोर्ड जैन समाज बालिका मंडल,श्री 1008 शांति सागर रात्रि कालीन पाठशाला, भगवान महावीर विकलांग पुर्नस्थापना केन्द्र, चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी, दिग.जैन शिक्षा संस्था, ज्ञानोदय संगीत मंडल, गौशाला जैन भक्त मंडल बंगला महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल थे। जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं द्वारा आरती उतारकर भव्य अगवानी की गई। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड जैन समाज द्वारा भोजन वितरण सुभाष चौक, दिग.जेन सोशल गुरप द्वारा खिचड़ी वितरण एवं ज्ञानोदय संगीत मंडल द्वारा खीर वितरण किया गया।

इस दौरान पंचायत समिति महासभा अध्यक्ष संजय जैन, विनी जैन, सन्नी सिंघई, पंचम जैन, शैलू जैन, शरद सरावगी, सुकमाल जैन, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, सुभाष जैन, विजय वैद्य, मुकेश मोदी, विक्की जैन, एडवोकेट-मिथलेश जैन, राकेश जैन कक्का, राजू जैन, अंकुर जैन, अरविन्द्र जैन, मगन जैन, डॉ. .ऋषी जैन, राकेश जैन कक्का प्रकाश जैन मौजूद रहे।

---

महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक का हुआ आयोजन

# विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर लिये गए कई अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में बुधवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों जैसे इंटरसेप्शन एंड डायवर्सन वर्क ऑफ वेस्ट वॉटर एण्ड प्रोपोस्ड ट्रीटमेंट यूनिट सीवेज एंड रीसायकल अरेंजमेंट ऑफ द ट्रीटेड सीवेज फ्रॉम गाटर घाट,मोहन घाट,एंड मसुरहा घाट नल्स नियर बाय कटनी रिवर कार्य के संबंध कार्य,अधिवक्ताओं की पैरवी फीस,आउटसोर्स के माध्यम से 20 कुशल एवं 06 अकुशल कुल 26 श्रमिकों के नियोजन की स्वीकृति ,वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय त्रैमासिक बजट रिपोर्ट के संबंध में,जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन (कलेक्टर रेट्स) पर 13 कुशल श्रमिकों की स्वीकृति, स्वास्थ्य विभाग में 33 दैनिक वेतन श्रमिकों की स्वीकृति, राजेश कुण्डे भृत्य नगरपालिक निगम कटनी की अग्रिम स्वीकृति के संबंध में,आउटसोर्स के माध्यम से श्रमिकों की व्यवस्था हेतु टेण्डर प्रपत्र (EOI) का अनुमोदन, विष्णु तिवारी, भृत्य, नगरपालिक निगम कटनी की अग्रिम स्वीकृति के संबंध में,वित्तीय वर्ष 2025-26 में भवनों / भूमियों पर सम्पत्तिकर नियम 2020 की गणना अनुसार सम्पत्तिकर की दरों में वृद्धि के संबध में रामकुमार काछी, भृत्य, नगरपालिक निगम कटनी की अग्रिम स्वीकृति के संबंध में, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (तृतीय चरण) अंतर्गत बस स्टैण्ड समयावधि वृद्धि के संबंध में,सड़क बत्ती मरम्मत कार्य हेतु 09 श्रमिकों को दैनिक कलेक्टर दर पर रखे जाने की स्वीकृति ,कार्य,अधिवक्ताओं की पैरवी फीस, नगरपालिक निगम सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 08 सार्वजनिक शौचालय निर्माण के साथ संचालन एवं संधारण कार्य हेतु प्राप्त निविदा दर की स्वीकृति के संबध में,प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ए.एच.पी. घटक फेस-2 प्रेमनगर खिरहनी, राम जानकी हनुमान वार्ड में निर्मित 32 दुकानों की नीलामी (स्थायी लीज) कराये जाने के संबध में,नगरपालिक निगम कटनी की स्वामित्व की खिरहनी / आचार्य विनोवा भावे वार्ड अन्तर्गत पूर्व से निर्मित 10 दुकानों की नीलामी (स्थायी लीज ) कराये जाने के संबध में,उपभोक्ता प्रभार की दरो में वृद्धि किये जाने,वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट के संबध में विचार एवं निर्णय,नगरपालिक निगम कटनी द्वारा ट्रेड लायसेंस हेतु निर्धारित वार्षिक शुल्क राशि में संशोधन / वृद्धि किये जाने की स्वीकृति हेतु,स्वानों के वधियाकरण की दर स्वीकृत किये जाने के संबध में,प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ए.एच.पी. घटक द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी, में अपूर्ण एल.आई.जी आवासों के विककय के संबध में,फागिंग मशीन चलाने हेतु 04 कुशल श्रमिक ड्रायवर एवं 04 हेल्पर अकुशल आउटसोर्स श्रमिकों की स्वीकृति हेतु,आउटसोर्स के माध्यम से नियोजन की स्वीकृति के संबंध में विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिये गए।

---

# संकट मोचन हनुमान जयंती पर आज निकलेगी वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संकट मोचन महाबली भगवान शिवजी के 11 वे रूद्र अवतार हनुमान जी के जयंती महोत्सव पर्व पर हर वर्षो की तरह इस वर्ष भी शहर के विख्यात सिद्धपीठ श्री श्री 1008 दक्षिणमुखी बडे. हनुमान मंदिर कमानिया गेट में धूमधाम से मनाया जावेगा।

इस आशय की जानकारी मंदिर के पुजारी भरत तिवारी, बऊआ महाराज ने देते हुये बताया कि जयंती पर्व के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम मंदिर परिसर से 11 अप्रेल शुक्रवार को शाम 5.00 बजे एक विशाल वाहन रैली निकलेगी जो नगर से विभिन्न मार्गो से भ्रमण करते हुये पुनः अपने गंतव्य स्थल पर समाप्त होगी। इसी तरह 12 अप्रेल दिन शनिवार को श्री हनुमान जी की एक भव्य प्रभात फेरी प्रातः 6.00 निकाली जावेगी। यहां से लगभग 20 वर्षो से निरंतर मंदिर के वरिष्ठ पुजारी आनंद महाराज की अगुवाई में यह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। यह प्रभात फेरी शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये श्री हनुमान जी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार से श्री हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की जावेगी । इसके पश्चात शाम 7.00 बजे एक विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है रात्रि 8.30 बजे मंदिर में दिव्य पंच महाआरती होगी 13 अप्रेल दिन रविवार को मंदिर में सुबह 10.00 बजे श्री हनुमान चालीस के द्वारा भगवान श्री हनुमान जी की हवन पूर्णआहुती के साथ दोपहर 1.00 बजे विशाल भंडारें का आयोजन किया गया है।

मंदिर समिति ने नगर के सभी श्रद्धालु,धार्मिक समितियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें।

## खबर संक्षेप

### वाहन रैली 13 अप्रैल को

**दमोह।** भारत रत्न संविधान के शिल्पाकार बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा साहेब की 14 अप्रैल की जयंती के पूर्व संध्या 13 अप्रैल को शाम 4 बजे बाईक रैली का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसमें सभी युवाओं तथा बाबा साहेब के अनुयायियों से आग्रह है रैली को भव्य रूप देने एवं सफल बनाने हेतु अपनी अपनी बाईकों के साथ रामकुमार स्कूल के पास शाम 4 बजे पहुंचे और बाबा साहेब के प्रति अपनी आस्था रूपी सहयोग दे। सभी युवाओं की सहभागिता अनिवार्य है। रैली का नेतृत्व युवाओं के मार्गदर्शन में किया जायेगा। रैली शाम 4 बजें रामकुमार स्कूल से निकाली जायेगी समय का विशेष ध्यान रखे।

### राशन विक्रेताओं ने उपभोक्ताओं से की ई-केवायसी का आग्रह

दमोह। जिले की ग्राम पंचायत सदगुवा राशन दुकान के सेल्समेन टीकाराम पटेल ने कहा सभी राशन हितग्राहियों से निवेदन है अपनी ई-केवायसी सभी करवाए। जो भी व्यक्ति रह गए है, जो बाहर है, वह भी अपनी ई-केवायसी कराए लें नहीं तो आगे चल कर ई-केवायसी ना होने से राशन मिलने में दिक्कत होगी। इसी प्रकार रनेह राशन दूकान के सेल्समेन जगदीश मिश्रा ने समस्त उपभोक्ता से कहा है जो राशन कार्डधारी हैं वे अपनी ई-केवायसी जरूर करवा लेवें नहीं तो राशन मिलने में दिक्कत आ जा सकती है। उन्होने कहा बच्चों की भी ई-केवाएसी करवाएं और जो काम के सिलसिले में बाहर गये हैं उनकी भी ई-केवायसी जरूर करवाएं या फिर बाहर हैं तो वहाँ पर जो राशन दुकान है, उसमें जाकर के ई-केवाएसी करवाएं। ऐसी स्थिति में अगर ई-केवायसी नही कराते हैं तो राशन कार्ड धारियों को दिक्कत आ सकती है।

### नगर में जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा गूंजा अहिंसा परमो धर्मः का संदेश

**अमानगंज।** पन्ना जिले के हमारे नगर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें ३अहिंसा परमो धर्म३ का संदेश पूरे शहर में गूंज उठा जैन समाज के द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और नगर की गलियाँ धार्मिक भक्ति और उत्साह से भर गई। शोभायात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से लगभग 2 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें भगवान महावीर की आकर्षक झांकी को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने हाथों में ध्वज, बैनर और ३अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है३ जैसे संदेश लिए नगर भ्रमण किया। यात्रा में शामिल विभिन्न झांकियों के माध्यम से भगवान महावीर के जीवन, सिद्धांतों और उपदेशों को दर्शाया गया।

# बीच सड़क पर अनलोडिंग का तांडवः जाम से हलकान शहर, प्रशासन की नाकामी उजागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा



नगर की सड़कों पर एक बार फिर अराजकता और लापरवाही का नंगा नाच देखने को मिला, जब बीच सड़क पर वाहनों को खड़ा कर घंटों तक सामान उतारा गया। इस बेहूदगी ने न सिर्फ यातायात को ठप कर दिया, बल्कि आम लोगों को घंटों तक जाम के दलदल में फंसने के लिए मजबूर कर दिया। यह नजारा अब नगर की शक्ल बन चुका है, जहाँ नियम-कानून हवा में उड़ते हैं और प्रशासन अपनी नाकामी छिपाने के लिए बहानों की ढाल ढूंढता है।

### जाम का कहरः लोगों की जिंदगी ठप

गुरुवार की दोपहर को शहर के सबसे व्यस्त बाजार और मुख्य मार्ग में उस वक्त कोहराम मच गया, जब एक विशालकाय ट्रक को सड़क के ठीक बीच में खड़ा कर सामान उतारने का सिलसिला शुरू हुआ। घंटों तक चले इस तमाशे ने सड़क को वाहनों की कब्रगाह में तब्दील कर दिया। कारें, बाइक और ऑटो रिक्शा जाम में फंसे हॉर्न की कर्कश आवाजों के बीच बेबस नजर आए। एक गुस्साए नागरिक, दीपेश ने फटकार लगाते हुए कहा, "यह हर दिन का दस्तूर बन गया है। सड़क पर ट्रक खड़ा कर ये लोग हमें बंधक बना लेते हैं। पुलिस कहाँ सो रही है? प्रशासन को शर्मिंदगी भी नहीं होती।जाम का असर सिर्फ सड़क तक सीमित नहीं रहा। आए दिन स्कूल से लौट रहे बच्चों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, मरीज अस्पताल पहुँचने से पहले ही हिम्मत हार जातेहैं, और दफ्तर जाने वाले लोग देर से पहुँचकर बॉस की डांट खाने को मजबूर होते हैं पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ तक छिन गया, क्योंकि वहाँ भी सामान और वाहन बेशर्मी से कब्जा जमाए बैठे थे।

### व्यापारियों की ढिठाई या प्रशासन की नाकामी?

जब इस बेशर्मी के पीछे की वजह तलाशी गई, तो व्यापारियों ने अपनी मजबूरी का रोना रोया। एक दुकानदार, ने बेपरवाही से कहा, "हमें सामान उतारने के लिए जगह कहाँ है? ट्रक सड़क पर न रुके तो क्या आसमान में लटकाएँ?" लेकिन यह बहाना हास्यास्पद लगता है, जब देखा जाए कि ये लोग न तो नियमों की परवाह करते हैं और न ही दूसरों की तकलीफ की। यह लापरवाही नहीं, बल्कि ढिठाई है, जिसे प्रशासन की शह मिली हुई है।

पुलिस की मौजूदगी इस दौरान एक मजाक से ज्यादा कुछ नहीं थी। सड़क पर हंगामा मचा रहा, लेकिन कोई सिपाही हालात संभालने को तैयार नहीं यह उस व्यवस्था की पोल खोलता है, जो कागजों पर तो नियम बनाती है, लेकिन सड़क पर उसकी हकीकत शून्य है। नगर परिषद और प्रशासन की चुप्पी भी कम गुनाहगार नहीं। आखिर कब तक पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग की जगह न होने का बहाना चलता रहेगा? यह कोई नई कहानी नहीं है। बाजार क्षेत्र हो या मुख्य मार्ग या फिर रहवासी इलाका, हर जगह सड़कें वाहनों और लापरवाह लोगों की मनमानी का शिकार बन चुका है "नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुका है। अगर सख्त नियम लागू नहीं हुए, तो यह जाम एक महामारी बन जाएगा।" आंकड़े बताते हैं कि पिछले छह महीनों में ऐसी घटनाओं में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

### जनता का गुस्सा और माँगें

यह खबर सिर्फ जाम की कहानी नहीं, बल्कि एक सिस्टम की नाकामी का सबूत है। आखिर कब तक लोग इस लापरवाही और अक्षमता की सजा भुगतते रहेंगे? क्या प्रशासन के पास कोई योजना है, या यह सिर्फ कागजी बातों और खोखले वादों तक सीमित रहेगा? अगर जल्द ही कदम नहीं उठाए गए, तो नगर की सड़कें चलने लायक नहीं, बल्कि जाम का पर्याय बनकर रह जाएंगी। अब वक्त है कि बहानेबाजी बंद हो और सख्ती से काम शुरू हो—वरना जनता का गुस्सा सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी।

# नगर में निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा



जियो और जीने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ सम्पूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती पर समग्र जैन समाज हटा द्वारा गुरुवार को हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से मनाया गया।

भगवान महावीर स्वामी की जन्मोत्सव पर बड़ा बाजार स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बड़कुल जैन मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक शांति धारा महावीर पूजन विधान हुआ एवं श्रीजी का पालना झुलाया गया । इसके उपरांत दोपहर में पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बड़ा बाजार से सुसज्जित पालकी पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा बैंड बाजा के साथ भव्यता से निकाली गई जो बजरिया होते हुए बड़कुल जैन मंदिर पहुंची जहां पर श्रीजी का आरती पूजन किया गया। इसके उपरांत शोभायात्रा उसी रास्ते से होते हुए कोऑपरेटिव बैंक चौराहा से नावघाट, पोस्ट ऑफिस के रास्ते से बड़ा बाजार स्थित जैन बेदी प्रांगण पहुंची जहां पर परंपरानुसार ध्वजारोहण के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के संदेश पर चलने एवं अपने आराध्य की जयंती पर अहिंसा सत्योचार्य और ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों पर चलने की बात कही गई। शोभायात्रा के दौरान हटा जैन समाज द्वारा रास्ते में अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाकर श्रीजी की आरती पूजन कर भव्य स्वागत किया।इस दौरान हटा सकल जैन समाज महिला परसों बच्चों युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही वहीं रात्रि के दौरान मंदिरों में भक्ति भावना के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## परस्वाहा में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती



**बनवार।** जबेरा क्षेत्र के ग्राम परस्वाहा में भगवान महावीर स्वामी जी की 2624वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छाया चित्र के साथ शोभायात्रा गांव की मुख्य गलियों से निकाली गई और पांडुकशिला पर झंडा फहराया गया। भगवान महावीर स्वामी ने समाज को करुणा, प्रेम और आत्मसंयम का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सच्चा सुख बाहरी भोग-विलास में नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और संयमित जीवन में है। उनका जीवन अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों पर आधारित था, जो आज भी लोगों को एक नैतिक और शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर संतोष कुमार जैन, शिखर चंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, प्रदीप जैन, अर्पित जैन, खेमचंद जैन, अशोक जैन, महेंद्र जैन, जीतू जैन, सुरभि जैन, वर्षा जैन, पुष्पा, ममता, संगीता जैन, एवं सकल जैन समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# शासकीय बोरवेल पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ




जिले के विकासखंड पथरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ककरा के कोपरा ग्राम में जल संकट गहराता जा रहा है। ग्राम की महिलाओं और ग्रामीणों ने पानी की गंभीर समस्या को लेकर पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम के एक व्यक्ति ने शासकीय बोरवेल पर कब्जा कर लिया है, जिससे उन्हें पीने के पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत ककरा अंतर्गत कोपरा ग्राम में पंचायत द्वारा शासकीय बोरवेल में मोटर डलवाकर पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि राजा दुबे नामक व्यक्ति ने उक्त बोरवेल पर कब्जा कर लिया है। उसने मोटर और स्टार्टर अपने मकान के अंदर लगवा लिए हैं और अब वह गांव के अन्य लोगों को पानी देने से मना कर रहा है। इस शिकायत को लेकर सरपंच अनरत अठ्या के नेतृत्व में महिलाएं व अन्य ग्रामीण पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा कि शासकीय बोरवेल होते हुए भी गांव के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है और पानी के लिए उन्हें दूर-दूर भटकना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं में शामिल गीता जोगी, भगवान दास राय, सोनू नामदेव, भारत रैकवार, कुमार अखबार और सरोज रैकवार ने बताया कि यदि जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। पुलिस चौकी प्रभारी प्रशित कुर्मी ने बताया कि मामले की जांच के लिए आरआई और पटवारी को निर्देशित किया गया है। जांच के बाद स्पष्ट होगा बोरवेल शासकीय है या निजी। इस संबंध में ग्रामवासियों ने कलेक्टर से भी अपील की है कि शासकीय बोरवेल से कब्जा हटवाया जाए और स्टार्टर को बाहर लगाया जाए, ताकि समस्त ग्रामवासियों को समय पर पानी मिल सके। सरपंच ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए।

नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी प्रशित कुर्मी का कहना आर आई पटवारी सूचना दे दी गई है ताकि पता चल सके की शासकीय बोरवेल है या फिर निजी यह जांच का विषय है।

# पुरूषार्थ से ही महापुरुष मृत्युंजयी बन जाते है- मुनिश्री अभयसागर



**पथरिया।** सुख,दुख स्वर्ग और नर्क हमारे पुरुषार्थ पर निर्भर करता है। एक पुरुषार्थी पुरुष अपने परिणामों को समता रूपी जल से सिंचित करता रहता हैं। जो अपनी आंखों से अपनी मौत का स्वागत करता है, मृत्यु से मृत्युजय का सफर से ही महापुरुष मृत्युंजयी बन जाते है। उपरोक्त उदगार निर्यापक मुनिश्री अभयसागर जी मुनिमहाराज ने महावीर स्वामी जी जन्म जयंती महोत्सवों पर कहें। निर्यापक मुनिश्री ने कहा कि बीज से पेड़ और फिर उसके मरण की यात्रा, प्रकृति का एक स्वाभाविक और अनादि चक्र है, जो निरंतर चलता रहता है। प्रकृति में बीज से पेड़ और फिर उसके मरण की यात्रा एक निरंतर चलने वाला चक्र है, जो अनादि काल से विद्यमान है। यह चक्र जीवन और मृत्यु के बीच के संबंध को दर्शाता है, जहाँ मृत्यु एक नया जीवन का बीज बन जाती है।जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस को को सकल दिगंबर जैन समाज में धूमधाम से मनाया गया। निर्यापक मुनिश्री अभयसागर जी मुनिमहाराज के सानिध्य शोभायात्रा निकाली गई है। शोभायात्रा सुवह पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर जैन प्रारंभ होकर नगर प्रमुख मार्गों झंडा चौक, संजय चौराहा, बंडा तिराहे होते हुए वड़े मंदिर जी पहुंची वहां श्रीजी को विराजमान कर जन्माभिषेक किया गया। दैनिक पूजा पाठ औके साथ ही भगवान महावीर की प्रतिमाओं पर अभिषेक, शांतिधारा व विशेष पूजा अर्चना की गई। अजय सराफ ने बताया कि सुबह साढ़े 6.30 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर, लम्बी गली से प्रभात फैरी का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर 4 बजे से पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़े मन्दिर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का मुनिश्री अभयसागर महाराज समस्त क्रियाये सम्पन्न होगी। निर्यापक मुनिश्री अभयसागर जी मुनिमहाराज के समक्ष राहुल चौधरी, कमलेश चौधरी, प्रकाश सराफ,पवन बांसा, महेंद्र जैन केवलारी ने गऊ वाला के लिए श्रीफल भेंट किए।

## गर्मी से जुड़ी परेशानियों से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी

**दमोह।** गर्मी के मौसम ने अपनी आहट दे दी है, तापमान में उत्तरोत्तर तपिश देखी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने एडवाईजरी जारी कर कहा है कि सामान्यतः सिरदर्द, बेहोशी, मतली, उल्टी, पेट में ऐंठन, मांसपेशियों में अकड़न, चिड़चिड़ापन, लू जैसी परेशानियां होना गर्मी में आम बात है। ऐसे में शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिए कुछ आवश्यक सावधानियां बरतें और सुरक्षित रहें। सीएमएचओ डॉ जैन ने कहा गर्मी के मौसम में भरपेट ताजा भोजन व पानी पीकर ही घर से निकलें। इससे ₹लू₹ का अंदेशा नहीं होता है, निर्जलीकरण से बचाव होता है। पीने के लिए सुरक्षित पेयजल स्त्रोतों को ही उपयोग में लायें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपडे पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें। टोपी/कपड़ा अथवा छतरी का उपयोग करें। गर्मी के दिनों में जीवाणु के ज्यादा सक्रिय होने से खाद्य पदार्थ जल्दी दूषित होने का खतरा अत्याधिक होता है, अतएव बासी भोजन के सेवन से बचे। हमेशा ताजे बने भोजन व खाद्य वस्तुओं का सेवन करें। तले व खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें। आंखों की सुरक्षा की दृष्टि से जितना संभव हो सके चश्मा पहनकर ही बाहर जायें।

# गेहूं की नरवाई का फायदेमंद तरीके से प्रबंधन की किसानों को दे रहे सलाह



**बटियागढ़ ।** बटियागढ़ विकासखण्ड क्षेत्र के कृषक अरुण पटेल और रामकरण जो की खेत में खड़ी गेहूँ की नरवाई का भूसा बना कर खेत मे ही प्रबंधन कर रहे है। उन के द्वारा एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग बटियागढ़ द्वारा किसानों अपील की जा रही है। कि किसान भाई गेहूं की खड़ी नरवाई में आग ना लगाएं, खड़ी गेहूं की नरवाई का खेत में ही उसका भूसा बना कर प्रबंधन कर ले। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग बटियागढ़ के दिनेश कुमार पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारी दीपक शेवानी के द्वारा किसानों को अपील की गई। कि कलेक्टर दमोह एवं उपसंचालक कृषि दमोह के आदेश अनुसार खेत में खड़ी गेहूं की नरवाई में आग ना लगाएं। इसका प्रबंधन कैसे करे। एवं बताया गया कि आगजनी की घटना से पर्यावरण दूषित होता है। साथ ही साथ हमारे खेत के सूक्ष्म जीवों को नुकसान और नष्ट हो जाते हैं। एवं भूमि कठोर हो जाती है। अगर आग लगाई जाती है तो उस पर अर्थ दंड भी लगेगा जो कि अगर 2 एकड़ तक का किसान है तो उस पर 2500 तक का अर्थ दंड लगेगा 2 से 5 एकड़ तक का किसान है तो उस पर 5000 का अर्थ दंड लगेगा और अगर 5 एकड़ से ऊपर का किसान है तो रुपए 15000 तक का अर्थ दंड लगेगा। एवं बताया गया की सेटेलाइट के माध्यम से पता चल जाता है कि कहां पर आग जनी की घटना हुई है जिसपर तत्काल करवाई की जाएगी। इसलिए सभी किसानों से जिला प्रशासन और बटियागढ़ तहसील प्रशासन अपील करता है कि गेंहू की खड़ी नरवाई में आग ना लगायें से अपील की जा रही।

# कुंडलपुर में चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पटेरा



गांव /बस्ती चलो अभियान के अन्तर्गत कुंडलपुर में चौपाल का आयोजन किया गया एवं वरिष्ठ जनों से भेंट की । इस दौरान मंदिर अस्पताल ,स्कूलों की साफ सफाई करना अन्य विषयों पर चर्चा की गई। एवं रूकमणि माता मंदिर परिसर के सौंदर्य करण के कार्यों का सभी के द्वारा अवलोकन किया गया एवं अन्य विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें पूर्व मंत्री,पूर्व सांसद एवं वर्तमान पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया बाबा जी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल, पंडित दीपक उपाध्याय,हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, उपाध्यक्ष राजेश पटेल ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहीरवाल , पुष्पेंद्र सोनी पार्षद, पूर्व मंडल अध्यक्ष चित्तर सीग , मुन्ना अवधिया, दयाशंकर चोबे, हरप्रसाद चोरसिया, शंकर तंतुवाय, पुष्पेंद्र परिहार, चन्द्रभान पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि पटेल, योगेश उपाध्याय, शुभम् सोनी, कमलेश शर्मा, सरपंच परसोत्तम कुशवाहा, हाकम सींग, लक्ष्मीकांत पटेल, बलराम पटेल, चन्दन सींग, राजू कुसमरिया, जगदीश पटेल, शिवराम पटेल, राजबहादुर पटेल, दीपू ठाकुर, दीपू माली, एवं समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# आंगनबाड़ी केन्द्र व सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन



**तेंदूखेड़ा।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समदई में आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकापर्ण एवं दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल खासतौर पर मौजूद थी। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा ग्राम समदई में 11लाख 50 हजार रूपये की राशि से बनने वाले आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण और ग्राम दिनारी में 15 लाख रूपये की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन का कार्य किया गया है। दिनारी गांव के लोगों की बहुत समय से मांग थी और उसमें हैंडपंप की मांग थी जिसे भी पूरा करवा दिया गया है। गांव के लोगों ने यहाँ पर पंचेश्वर धाम में बाउंड्री वॉल की मांग की है जिसे भी पूरा किया गया है। जल्द ही बाउंड्री वॉल का काम भी प्रारंभ किया जायेगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सरकार की बहुत सारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी को धन्यवाद भी दे रहे हैं कि बहुत अच्छा शासन चल रहा हैं। किसानों का गेहूं भी इस साल 2600 रूपये क्विंटल में लिया जा रहा है, जिससे किसान भी सुखी है। उन्होंने कहा धान की खेती जिन किसान भाईयों ने की है, उनको एक हेक्टेयर पर 4000 रूपये का बोनस भी सरकार देने वाली है, तो निश्चित रूप से किसान के लिए बहुत अच्छी योजना सरकार की चल रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा जबेरा विधानसभा के ग्राम समदई में राज्यमंत्री जी के साथ समदई गांव में आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के साथ माँ की देखभाल होती है, जिससे माँ और बच्चा हष्ट पुष्ट, स्वस्थ्य पैदा हो, क्योंकि यह एक ऐसा केंद्र होता है जहाँ से बच्चों की देखरेख, पोषण आहार, टीकाकरण आदि होता हैं, टीके के माध्यम से बच्चे का जन्म स्वस्थ्य होता है उसमें माँ भी स्वस्थ्य होती हैं। उन्होंने कहा बहुत अच्छा कार्यक्रम किया गया हैं, यहाँ ग्राम दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने कहा गरीब और मध्यम परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी विवाह करना चाहें तो वह बड़े-बड़े शादी हॉल से नहीं कर पाते हैं, परंतु सामुदायिक भवन के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं और कम खर्चे में कर सकते हैं। उन्होंने कहा मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ की उनके माध्यम से क्षेत्र में विकास की गंगा वह रही हैं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्त्ता, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# श्रीराम कथाः भरत और राम की वनवास यात्रा का प्रसंग

**बनवार।** फूलन देवी हिनौती में श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने अयोध्या से श्री राम के 14 वर्ष वनवास यात्रा के बारे में कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे भरत अपने मामा के घर से लौटने के बाद अपने भाई राम को ढूंढते हुए उनके कक्ष में गए और कैकई माता को कोसते हुए कहा कि उन्होंने माता कुमाता की तरह काम किया है। कथा में आगे बताया गया कि कैसे भरत अपने भाई को वापस लाने के लिए चित्रकूट पर्वत पर गए, जहां लक्ष्मण और राम ने उनका स्वागत किया। भरत ने राम के चरणों में गिरकर क्षमा याचना की और राम ने उन्हें गले से लगाया। राम ने अपने पिता के दिए हुए वचन का पालन करने के लिए वनवास में रहने का निर्णय लिया, जबकि भरत को प्रजा हित और माताओं का दायित्व निर्वाह करने के लिए अयोध्या लौटने का निर्देश दिया। भरत ने श्री राम के चरण पादुका को अपने सर पर उठाकर आंखों में अश्रु के साथ वहां से विदा होते हुए 14 वर्ष तक अयोध्या के राज सिंहासन पर रखकर खुद जमीन पर चटाई बिछाकर सन्यासी का जीवन व्यतीत किया।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर लोरी गायन प्रतियोगिता

**दमोह ।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद इंद्राणी शाखा प्रियकारणी संभाग द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर बालक वर्धमान की माता बनकर लोरी गायन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। यह कार्यक्रम शाखा की उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा के यहां रखा गया। सभी बहनों ने इस प्रतियोगिता में माता त्रिशला बनकर बालक वर्धमान को लोरी सुनाने का अभिनय किया। सभी ने कार्यक्रम का बहुत ही आनंद लिया। शाखा की बहनों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। इसके अतिरिक्त शाखा की बहनों द्वारा नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष मे णमोकार मंत्र का पाठ किया गया। महावीर भगवान का पालना सजाया गया। इसके अलावा विविध प्रकार के अनेक मनोरंजक गेम खेले गए एवं स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रियकारिणी संभाग की परम संरक्षिका श्रीमती सीमा जैन एवं महिला जैन मिलन की सदस्य श्रीमती कल्पना जैन एवं श्रीमती संगीता चौधरी को आमंत्रित किया गया। संभागीय अध्यक्ष श्रीमती ऋतु जैन, चेयर पर्शन श्रीमती सारिका जैन की उपस्थिति रही। लोरी गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शाखा की चेयरपर्शन श्रीमती सारिका जैन रही। द्वितीय स्थान पर श्रीमती निर्मला, तृतीय स्थान पर श्रीमती वर्षा जैन रही। पुरस्कार वितरण शाखा की अध्यक्ष श्रीमती रचना जैन द्वारा उपहार स्वरूप प्राप्त हुए। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष श्रीमती ऋतु जैन, संभागीय सचिव श्रीमती ज्योति जैन चेयरपर्सन श्रीमती सारिका जैन, अध्यक्ष श्रीमती रचना जैन, सचिव श्रीमती प्रगति जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती आभा जैन मौजूद रही।



खबर संक्षेप

## एक दिवसीय शिविर का आयोजन संस्कार भवन में आज

**दमोह।** जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, जानकीकुंड, चित्रकूट (म.प्र.) के सहयोग से असाटी समाज समिति दमोह द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 अप्रैल 2025, शुक्रवार को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, संस्कार भवन, असाटी वार्ड क्रमांक 1, दमोह में आयोजित किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र रोगों की जांच की जाएगी तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया जाएगा। शिविर में जाँच के दौरान ऐसे मरीजों की पहचान की जाएगी, जिन्हें मोतियाबिंद या अन्य नेत्र रोगों के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता होगी। इन मरीजों को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, चित्रकूट में निःशुल्क ऑपरेशन हेतु भेजा जाएगा, जहां संपूर्ण उपचार, दवाइयां और एक माह तक की दवा सेवा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। ऑपरेशन हेतु दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड की एक प्रति अनिवार्य है.चश्मा प्राप्त करने के लिए भी आधार कार्ड की प्रति आवश्यक है।

## दीवान तलैया में इस रविवार श्रमदान

**दमोह।** दमोह नगर में धार्मिक व प्राचीन महत्व की दीवानजी तलैया का कायाकल्प इस रविवार से होने जा रहा है। यहां पर होने वाले श्रमदान में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न समाजों को आमंत्रित किया गया हैं। इसकी पहल मराठा समाज द्वारा की जा रही हैं। महाराष्ट्र मंडल समिति अपने सभी सदस्यों के साथ यहां श्रमदान कराने के लिए आमंत्रित किया गया है। कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा स्वच्छता के प्रति समाज में जागृति लाने के लिए श्रमदान का आयोजन लगातार नगर में किया जा रहा हैं। मंशा यह हैं कि नगर के जलस्रोतों को नगर के नागरिक गण इसे संवारे और आगामी पीढ़ी के लिए संजोकर रखें, यह प्रयास रंग भी लायेगा। शहर के अन्य तालाबों व चौराहों का संरक्षण व संवर्धन समाज के माध्यम से कराने के बाद अब दीवानजी की तलैया को एजेंडे में शामिल किया हैं।

## दो अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 02 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक बंटू ऊर्फ ओमप्रकाश यादव पिता राजाराम यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया अजीतपुर थाना तेन्दूखेड़ा को आगामी 01 वर्ष की कालावधि के लिये तथा अनावेदक दिनेश ऊर्फ दिन्नू पिता ज्ञानी यादव निवासी ग्राम सेहरी थाना तेन्दूखेड़ा को आगामी 06 माह (180) दिवस के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा उससे लगे राजस्व जिले सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जाये एवं अपने आचरण में सुधार करें।

### जगह जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत, भगवान महावीर के संदेशों को प्रसारित करती हुई झांकियां रही आकर्षण का केंद

# शहर में धूमधाम से निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर में परंपरानुसार जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर जैन समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सिटी नल से प्रारंभ होकर परंपरागत मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल जैन स्कूल के समीप नसिया जी पहुंची तथा श्री जी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत परंपरागत मार्ग से वापस सिटी नल पहुंचकर संपन्न हुई।

रास्ते में जगह-जगह रंगोली सजाकर तोरण द्वार लगाकर शोभा यात्रा की अगवानी की गई। शोभायात्रा में शामिल लोगों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया। चांदी के विमान में विराजमान श्रीजी की आरती करके अगवानी की गई। घंटाघर पर सांसद राहुल सिंह के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, उपाध्यक्ष अमित बजाज गोलू सहित अन्य पदाधिकारीयो एवं सकल हिंदू समाज के संयोजक कपिल सोनी, युवा अध्यक्ष मोंटी रैकवार एवं उनकी टीम के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए आचार्य श्री विद्यासागर जी के चरण चिन्हों को नमन वंदन किया गया।

इस अवसर पर कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, महामंत्री आरके जैन, जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, महामंत्री पदम खली, विमान कमेटी के अध्यक्ष महेश दिगंबर, जैन मिलन से दिलेश चौधरी, औषधालय समिति के अध्यक्ष मनोज जैन मीनू, गौशाला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन शक्ति, त्यागी व्रती आहारशाला के अध्यक्ष रूपचंद जैन, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रतन चंद्र जैन, सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष सतीश जैन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज के साथ समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी की भी मौजूदगी रही।

शोभायात्रा में विभिन्न महिला मंडल को अपनी विशेष वेशभूषा में आमंत्रित किया गया था जो कि भगवान के भक्ति गीत गा रहे थे दमोह नगर के विभिन्न मंदिरों की समितियां जुलूस में झांकी के रूप में श्रीजी को पालना में झुलाकर अपने साथियों के साथ सम्मिलित थी युवा वर्ग जुलूस नृत्य गान करते हुए आगे बढ़ रहे थे, महिला मंडलों द्वारा असी, मसी और कृषि का संदेश देती जीवंत प्रस्तुतिया आकर्षण का केंद्र रही।

वहीं विभिन्न पाठशालाओं के बच्चों द्वारा बालक वर्धमान के जन्म अवसर की भव्य झांकियां भी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।इस बार छोटे-छोटे बच्चे बाद यंत्रों पर ढोल नगाड़े बज रहे थे जो की विशेष आकर्षण का केंद्र था। शोभायात्रा के मार्ग को तोरण द्वारों बैनर झंडा आदि से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शोभायात्रा में ढोल नगाड़ा डीजे आदि के अलावा बड़ी संख्या में रथ पर श्रावक श्रेष्टि आकर्षक वेशभूषा में सवार थे। घंटाघर पर भगवान महावीर की आदम कद स्टैचू के साथ विशेष रूप से सजाया गया था।

शोभायात्रा के नसिया जी मंदिर परिसर पहुचने पर श्रावक श्रेष्ठीजनों के द्वारा 64 रिद्धि कलश से श्रीजी का अभिषेक पूजन किया गया। श्रीजी की शांति धारा करने का सौभाग्य अभय बनगांव परिवार एवं विजय आयरन परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान की आरती करने का सौभाग्य महेश दिगंबर परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पूर्व अनेक भक्तगनों ने विभिन्न कार्यो हेतु दान राशि की घोषणा की तथा अनेक लोगों ने अपनी पूर्व घोषित दान राशि गौशाला समिति को प्रदान की। संचालन सुनील वेजीटेरियन पंडित आशीष जैन एवं नवीन निराला ने किया। नसिया मंदिर में अभिषेक एवं पूजन उपरांत पुन शोभायात्रा राय चौराहा घंटाघर से धकट चौराहा चौधरी मंदिर बड़ा मंदिर से होती हुई सिटी नल पहुंची चांदी के रथ में विराजमान श्री जी की अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने अपने घर के सामने आरती उतारी एवं श्रीफल अर्पित किए।

## तेंदूखेडा में निकली भव्य शोभायात्रा



**तेंदूखेड़ा।** गुरूवार को 24 वें तीर्थंकर 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। सुबह से सकल जैन समाज के लोग नगर के भगवान पाषर्वनाथ जिनालय एवं भगवान शांतिनाथ जिनालय में भगवान महावीर जी की शांतिधारा, अभिषेक, पूजन-अर्चन किया गया। इसके बादं भगवान श्रीजी की पालकी सजा कर बड़ी धूम धाम से बैंड बाजों, डीजें के साथ भगवान महावीर जी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में माताएं, बहिने, बच्चे, बूढ़े सभी भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थें। साथ ही जगह जगह जैन परिवारो के द्वारा अपने अपने घरों के सामने रंगोलिया सजा कर भगवान महावीर स्वामी की आरती उतार कर पूजन अर्चन किया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए शांतिनाथ जैन मंदिर पहुची जहां पर विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद पुनः शोभा यात्रा मंदिर जी पहुंची जहां पर अभिषेक पूजन हुआ। संध्या काल में दीपो से भगवान महावीर जी की महा आरती की गई। भगवान का पालना भी झुलाया गया। साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

## जबेरा में धूमधाम से मनाई महावीर जयंती



**जबेरा।** नगर में जैन समुदाय के द्वारा गुरुवार को भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम ब उत्साह के साथ मनाई गई।सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई 8 बजे शोभा यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे बाजे भक्ति,उत्साह के माहौल में निकाली गई। घर-घर में भगवान महावीर की भक्ति उत्साह माहौल के बीच द्वार द्वार रंगोली सजाई गई।मंदिर प्रांगण में श्री जी का अभिषेक,शांतिधारा, पूजन पाठ के साथ भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाम को मंदिर जी मैं महाआरती प्रवचन बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों दी गई। समाज के लोगों ने भगवान महावीर की प्रतिमा को सजाकर रथ के साथ शहर में विशेष शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।इसके साथ युवाओं के द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। शोभा यात्रा में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष पुलिस व्यवस्था भी मौजूद रही जिन्होंने यातायात व्यवस्था को बनाए रखा। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सर्व संविदा के लोग सहित जैन समाज के महिला पुरुषों बच्चे सम्मिलित हुए।

## बनवार में प्रभात फेरी निकाली



**बनवार।** बनवार मे जैन समाज द्वारा गुरुवार को भगवान महावीर स्वामी की जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य मे युवाओं ने गांव मे प्रातः प्रभात फेरी निकाल कर जैन मंदिरों एवं पांडुक शिला पर ध्वजारोहण किया.इसके उपरांत भगवान महावीर स्वामी का पूजन और अभिषेक किया गया। दोपहर मे दिगंबर बड़ा जैन मंदिर से पालकी मे सवार महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए छोटे जैन पहुंची और वहां से कार्यक्रम स्थल मे जाकर संपन्न हुई.शोभायात्रा में सबसे आगे श्रद्धालु धर्मध्वज लेकर चल रहे थे वही पालकी पर भगवान महावीर के चित्रों को रखकर अहिंसा का संदेश दिया गया। जैन समुदाय के लोग शोभायात्रा में भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के बाद कार्यक्रम स्थल मे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये,जिसमे बालक एवं बालिकाओं ने जैन धर्म से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किये.इसी तरह परस्वाहा मे भी महावीर स्वामी की जयंती पर गांव मे शोभायात्रा निकाली गई.इस अवसर पर सकल जैन समाज मौजूद रही.

## हिण्डोरिया में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई

**हिंडोरिया ।** नगर के दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया । सुबह पूजा पाठ अभिषेक शांति धारा बड़े ही भक्ति भाव से संपन्न हुई । शांति धारा करने का सौभाग्य श्रेयांस, शांति बाई जैन, माया जैन, महेश जैन, राजकुमार को प्राप्त हुआ वही आरती करने का सौभाग्य प्रतिमा, माया, शांति बाई, सेजल, महेश, राज, अभिषेक, अनिल जैन, प्राप्त हुआ । बैंड बाजे पर उत्साह युवकों ने नृत्य भी किया इसके बाद एक कार्यक्रम किया गया जिसमें राजकुमार जैन ने कहा की शांति संयम व सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणा पुंज हैं सभी को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है जो केवल जैन धर्म ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता की सेवा के लिए भगवान महावीर ने जीवन व्यतीत किया । उन्होंने आगे कहा की तप, त्याग, के वल पर सत्य अहिंसा की शिक्षा दी जियो और जीने दो का नारा भगवान महावीर ने दिया। महावीर ने ही एक अच्छा इंसान बनने की नसीहत दी उन्होंने जीवों से भी प्रेम करने की बात कही आज भी पूरे विश्व को को जियो और जीने दो की आवश्यकता है कार्यक्रम के पश्चात मुख्य बाजार क्षेत्र में मुख्य बाजार क्षेत्र में प्रसाद के रूप में फल फूल और मिष्ठान का वितरण किया गया ।



## कुण्डलपुर में निकली शोभायात्रा

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के चौबीसवें तीर्थंकर, वर्तमान शासन नायक, जन जन के आराध्य, अहिंसा धर्म के प्रणेता, विश्ववंदनीय भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई जो कुंडलपुर कार्यालय से पूज्य बड़े बाबा मंदिर पहुंची। भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, महावीर पूजन, विधान हुआ। श्रीजी का पालना झुलाया गया। दोपहर में शिखर मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए विद्याभवन पहुंची जहां अभिषेक शांतिधारा पूजन आदि धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर अभिषेक ,शांतिधारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य संजय अशोक देवेंद्र बिजनौर ,अक्षय तन्मय सांगली ,आशीष विकास शाहपुरा भिटोनी ,संजय आयुष जबलपुर ,महेंद्र पंकज टोंक ,विजय अमित मुंगावली ,राजकुमार मनोज टीकमगढ़, शंभू दयाल महेश टोंक, विनोद कुमार झांसी, कुंदनलाल छोटेलाल भोपाल आदि को प्राप्त हुआ।सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।



## सिंग्रामपुर में हुआ आयोजन



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर में जैन समुदाय द्वारा गुरुवार को भगवान महावीर जयंती ग्राम में धूमधाम से मनाई गई। सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई 8 बजे शोभा यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे बाजे भक्ति उत्साह के माहौल में निकाली गई घर-घर में भगवान महावीर की भक्ति उत्साह माहौल के बीच घर घर-घर रंगोली सजाई गई मंदिर प्रांगण में श्री जी का अभिषेक शांतिधारा पूजन पाठ का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ पाठशाला की बहनों द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए वह शाम को मंदिर जी मैं आरती प्रवचन बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं समाज के लोगों ने भगवान महावीर की प्रतिमा को सजाकर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

## 8 एकड़ वन भूमि से वन अमला ने जेसीबी मशीन से हटाया कब्जा



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा रेंज के अंतर्गत ग्राम पिंडरई पाजी के पास तेंदूखेड़ा बीट के 103 पीएफ क्रमाक में लगभग 3 हेक्टेयर भूमि का वन अमला के द्वारा जेसीबी मषीन से कब्जा हटाया गया है। कब्जाधारियों के द्वारा टपरियां बनाकर वन विभाग की जमीन पर उडद की फसल बोनी की गई थी। जिसे वन अमला ने हटाया दिया है साथ कुल्हाडी, हसियां सहित अन्य हथयारो के अलावा सिचाई के पाईप भी जप्त किए गए है। हालाकि वन विभाग के द्वारा पहले से अतिक्रमण का मामला दर्ज किया गया था। लेकिन कब्जाधारियों के द्वारा फिर से कब्जा कर खेती की जा रही थी। तेंदूखेड़ा रेंजर मेघा पटैल ने बताया है कि रज्जू खटीक कब्जाधारी के उपर पहले से मामला दर्ज है लेकिन इनके द्वारा फिर से कब्जा कर खेती की जा रही थी, जिसे जेसीबी मशीन से वेदखली की कार्यवाही की गई है। जिससे पुनः कब्जा न किया जा सके। साथ ही प्रकरण न्यायालय में पेष किया गया है।

## मछली मारने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

### तारादेही थाना क्षेत्र के बिवतरा ग्राम का मामला

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलतरा गांव के एक युवक की करंट लगने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बहादुर पिता रामदास गौड़ उम्र 44 वर्ष निवासी बिलतरा थाना तारादेही जो कि बुधवार को ग्राम के बाहर से निकली व्यारमा नदी में मछली मारने गया था। जहां पर नदी किनारे फैली डोरी की चपेट में आने से युवक को करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना अन्य लोगों द्वारा परिजनों और तारादेही पुलिस को दी गई। जहां मौके पुलिस की मौजूदगी में मृतक का पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द किया गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।

## परस्वाहा गांव में विकलांग व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत

**बनवार।** नोहटा थाना की बनवार चौकी के परस्वाहा गांव में 45 वर्षीय विकलांग करन सिंह की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह रात में घर से निकले थे और सुबह ग्रामीणों ने तालाब की घाट पर उनके कपड़े देखे। जब दोपहर तक वह नहीं दिखे, तो पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में खोज की और 15 फीट दूर शव को खोज निकाला।-आशंका है कि विकलांग करन सिंह तेज गर्मी के कारण तालाब में नहाने उतरे होंगे और डूबने से उनकी मौत हो गई।पुलिस इस पूरी घटना की जांच कर रही है। बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि शव को तालाब से निकलवा कर पंचनामा करवाया गया और शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। मामला मर्ग विवेचना में है। मृतक विकलांग करन सिंह की पत्नी और दो बच्चे हैं।

## नरवाई में लगाई आग, अधिवक्ताओं की जल गई कालीन

### निजी दुकानदार के पौधे जले, पक्षी मवेशी भी आये आग की चपेट में, एसडीएम ने दिये कार्यवाही के निर्देश

**तेंदूखेड़ा।** गर्मियों में आग लगाना सबसे बड़ी परेशानी है इसपर अंकुश लगाने के लिए जिला कलेक्टर ने निर्देश भी जारी किये हैं कि कोई नरवाई में आग नहीं लगायेगा किंतु उसके बाद भी जगह जगह आग लग रही है। गुरुवार को तेंदूखेड़ा तहसील के पीछे लगे खेतों की नरवाई में किसी ने आग लगा दी जो कुछ ही समय में चारों ओर फैल गई आग लगाने से कई तरह के नुकसान हुए। जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा एस डी एम सौरभ गंधर्व नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी मौके पर पहुंचे एसडीएम ने अधिवक्ताओं से चर्चा की और बाद में पूरा निरीक्षण करने के बाद तेंदुखेडा आरआई करनसीग ठाकुर को निर्देश दिए कि आग से जो नुकसान हुआ है उसका पूरा पंचनामा बनाए साथ ही नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि जिन किसानों की खेती है उन सभी को नोटिस काटकर जवाब लिया जाये। तहसील परिषद के पीछे खेती लगी हुई है उपज की कटाई के बाद खेतों में नरवाई लगी थी जो निजी किसानों की हैं किसी ने आज सुबह दस बजे के करीब उसमें आग लगा दी। आग लगाने के बाद आनंद सोनी कीनिजी भूमि पर बनी दुकान के चारों और आग फैल गई उनके द्वारा लगाये गये दर्जनों पौधों आग की तेज लाफ्टो में जलकर राख हो गये इसी तरह तहसील के पीछे बैठने वाले अधिवक्ता धूप से बचने हरे रंग की कालीन लगाए थे। आग की लपटों में वह जल गई जानकारी लगने पर कुछ अधिवक्ता पहुंचे उन्होंने अपनी सामग्री को दूर करके बचाया आग लगाने के बाद तहसील की सीमा में पौधा रोपण हुआ था वह भी जलकर राख हो गये। कुछ मवेशी भी आग की चपेट में आ गये जब एसडीएम ने आग लगने की जांच पड़ताल कर रहे थे उसी समय कुछ पक्षी भी उनको जले दिखे जिसपर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की और उन लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिए जिनके दुबारा नरवाई में आग लगाई गई है।



आग कैसे लगी क्या कारण था इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है मगर आग लगने से किसानों को लाखों का नुकसान हो गया है। ग्रामीणों ने बताया भारत गौड़ के खेत में जब आग लगी उस समय ग्रामीणों ने खुदके पानी ओर झाड़ियों के सहारे आग पर काबू किया क्योंकि फायर ब्रिगेड वाहन दूसरी जगह व्यस्त था। जिस समय तेंदुखेडा एसडीएम उस स्थान पर पहुंचे जहां आग लगी थी तो कुछ लोगों ने बताया आग शार्ट सर्किट से लगी है जिस पर तत्काल एसडीएम ने विद्युत विभाग के जे ई को फोन लगाया और जांच पड़ताल कराई बाद में विद्युत विभाग के जे ई ने जांच उपरात बताया आग शार्ट सर्किट से नहीं बल्कि किसी के द्वारा लगाई है अधिवक्ता लेखराम साहू ने बताया जब हमलोग आये तो आग तेज जल रही थी अधिवक्ताओं के पीछे बैठने बाली कालीन जल गई तेज लॉफ्ट के कारण हमलोग दूर हो गये थे। कृष्णा नामदेव राजा तिवारी दिनेश नामदेव ने बताया आग कैसे लगी ये तो नहीं पता मगर यदि हमलोगो सही समय पर नहीं आते तो हमलोगो की रखी कुर्सी टेबिल भी जल जाती। तेंदुखेडा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया आग कैसे लगी किसने लगाई इसकी पुष्टि जांच नायब तहसीलदार दुबारा कराई जा रही है जिन किसानों की खेती है उनको नोटिस काटकर जवाब मांगा जायेगा क्योंकि आग लगने से पौधे जल गये है अधिवक्ताओं के बैठने की जगह भी नुक्सान हुआ है शासकीय पौधा रोपण भी जल गया है ये पूरी तरह गलत है नरवाई में आग लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध है उसके बाद किसानों द्वारा ये हरकत की गई है इसका पता चलाया जायेगा और उसपर कार्यवाही भी होगी।